प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सेंटर ऑफ एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग द्वारा 21–दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

पंतनगर। 01 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग द्वारा 'माडलिंग मिलेट्स एग्रोनोमी फार क्वालिटी फूड न्यूट्रीशन' विषय पर 21–दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन समारोह आज दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यवाहक कुलपति एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप के सम्बोधन द्वारा प्रारम्भ हुआ। डा. कश्यप ने भारत की पुरातन एवं महत्वपूर्ण श्री अन्नम् संस्कृति को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उन्नत करने के लिए श्री अन्नम् फसलों की उन्नत ब्रीडिंग, सस्य, फसल सुरक्षा इत्यादि के अनुसार उन्नत उत्पादन तकनीकियों को प्रमुख स्थान देने हेतु संस्तुति की। उन्होनें पोषण संवेदनशील कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिसके लिए श्री अन्नम् फसलों का उन्नयन महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह में निदेशक सेंटर ऑफ एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग एवं विभागाध्यक्ष सस्य विज्ञान विभाग डा. एम.एस. पाल ने श्री अन्नम् के महत्व को बताते हुए उसके क्षेत्रफल एवं उत्पादकता वृद्धि हेतु भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम इण्डियन कॉउसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कृषि शिक्षा प्रभाग के क्षमता निर्माण के अंतर्गत वित्त पोषित है। प्रशिक्षण उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत 7 विभिन्न राज्यों से 13 प्रतिभागियों के अतिरिक्त निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डा. वीनिता राठौरा एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डा. डी. के. शुक्ला द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को संबोधित करते अधिकारीगण।

निदेशक संचार